

# गांधी आश्रम में हुई सहरिया मुखियाओं की बैठक

## हमे अपने जल जंगल जमीन की रक्षा करनी होगी



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,28 अगस्त।** श्योपुर कराहल तहसील के पनार गांव के सहरिया मुखियाओं की एक बैठक गुरूवार को गांधी आश्रम कार्यालय में जयसिंह जादौन की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस बैठक में गांव की भूमि समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में सबसे पहले पटेल रामप्रसाद ने बताया कि हमारे यहां समस्याओं में मुख्य रूप से गांव में बाहरी लोगों ने जमीन पर फर्जी पट्टे बनवा लिए हैं, जिसके कारण गांव के पूर्व से कागज लगभग 40 सहरिया परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। गिर्राज आदिवासी ने बताया कि बताया कि हमारे गांव में बाहरी गैर आदिवासी लोगों ने फर्जी पट्टे बना लिए जिसके कारण अब जमीन छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। हम पीडियो से यह जमीन को जोत रहे हैं लेकिन अब बाहरी लोग आकर के हमारी जमीनों को छुड़ाना चाहते हैं। समाजसेवी जयसिंह जादौन ने समुदाय द्वारा उपलब्ध कराए गए आवेदन व कागज से उनका निरीक्षण किया और पुरानी नकल निकालने के लिए आवेदन तैयार किया गया, अन्य जमीन के दस्तावेज जैसे काबिज रसीद जुर्माना रसीद गांव की वोटर लिस्ट आदि की जानकारी प्राप्त की तथा सभी डाक्यूमेंट्स एकत्रित करने पर चर्चा हुई। इसके अलावा बैठक में आगे की रणनीति बनाई गई। जिसके तहत गांव में भी एक बड़ी मीटिंग करने का भी चर्चा हुई। उन्होने बताया कि कराहल क्षेत्र में निरंतर बाहरी लोगों का हस्तक्षेप बढ़ रहा है पूरे सहरिया समाज को सजग रहना पड़ेगा और अपने जल जंगल जमीन की रक्षा करनी होगी।

कराहल क्षेत्र में जो की ट्राइबल ब्लॉक है जहां पेसा एक्ट लागू है फिर भी इस तरह के केस आ रहे हैं आपके डॉक्यूमेंट देखने से लगता है कि यह जमीन बाहरी लोगों ने अपने नाम करने के बाद दूसरों को भी भेज दी गई है लेकिन मौके पर आज भी सहरिया आदिवासी काबिज है संविधान हमें अनुच्छेद 21 में जीवन जीने का अधिकार देता है कोई भी हमारे जीवन जीने के संसाधन खेती को नही छीन सकता है तथा पेसा एक्ट में यह स्पष्ट है कि इस एरिया के गांव में कोई भी गैर आदिवासी बिना ग्राम सभा की अनुमति के निवास नहीं सकता ना ही कोई जमीन भी नहीं खरीद सकता बिना स्थानीय ग्राम सभा की अनुमति के। उसके बाद भी यह खेल धड़ले से चल रहा है इसे हेतू हमें आगे संगठित रूप से कार्रवाई करनी होगी। कार्यक्रम में सरपंच विनोद आदिवासी, सुगनलाल आदिवासी, बहादुर आदिवासी, पटेल रामप्रसाद आदिवासी, बृजलाल आदिवासी, गिरिराज आदिवासी, विजयसिंह आदिवासी आदि उपस्थित रहे।

# दीवार तोड़कर 1.14 लाख नकद और जेवर ले गए चोर

## श्योपुर के विचपुरी गांव की घटना, चोरी के समय घर में ही सो रहा था परिवार



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 28 अगस्त।** विजयपुर थाना क्षेत्र के विचपुरी गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। गाँव के निवासी विजयसिंह पुत्र रामस्वरूप कुशवाह (45 वर्ष), जो कारीगरी का कार्य करते हैं, उनके घर से 1,14,000 नगद व सोने-चाँदी के जेवर चोरी हो गए पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 27 अगस्त की रात लगभग 10 बजे वह घर लौटे थे। रोजाना की तरह भोजन कर पत्नी के साथ कमरे के आगे तिवारे में सो गए थे और कमरे में ताला डाल दिया था। देर रात करीब 1 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने घर के पीछे की पत्थर की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ा और उसमें रखी नकदी व उनकी बेटी गिरिजा तथा उनका पुराना इस्तेमाल किया हुआ सोने-चाँदी का डोर, पायजेब, बाला, मंगलसूत्र, अंगूठी और बैंदा पार कर ले गए। सुबह करीब 4 बजे पीड़ित को पट्टी (छोटी बाई) जब भैंस को चारा डालने पीछे गई तो उसने टूटी दीवार देखी और शोर मचाया। परिवार के लोग मौके पर पहुँचे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और बक्से का कुंदा टूटा मिला। इसके बाद तुरंत थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सूचना मिलते ही विजयपुर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुँचकर चोरों के निशान तलाशने में जुटी है।

### कनापुर में एक ही रात में तीन घरों में हुई चोरी

इधर देहात थाना क्षेत्र के कनापुर गांव में भी चोरी की घटना होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर एक ही रात में 3 जगह मकान की दीवार तोड़कर जमीन के कागज अंगूठी समान पैसे घी धनिया के कट्टे चने गेहूं जेवरात कपड़े चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से चोरी की घटना को अंजाम देने वालों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

# 224 नलजल योजनाएं पूर्ण, 84 प्रगतिरत

## जल शक्ति मंत्रालय ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,28अगस्त।** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के श्योपुर सहित 16 जिलों के साथ ही अन्य प्रदेशो के जिलों में संचालित जल जीवन मिशन की वर्चुअली माध्यम से समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अवगत कराया कि श्योपुर जिले में 497 ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ पेयजल नलो के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके क्रम में 308 ग्रामों में पीएचई द्वारा सिंगल विलेज स्कीम तथा जल निगम द्वारा 189 ग्रामों में मल्टीविलेज स्कीम अतंर्गत कार्य किया जा रहा है। पीएचई द्वारा 308 ग्रामों में से 224 ग्रामों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 84 नलजल योजनाओं का कार्य प्रगतिरत है। इसके अलावा 189 ग्रामों में जल निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है। मल्टीविलेज ग्रामों के साथ ही सिंगल विलेज स्कीम के ग्रामों में भी बल्क वाटर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चंबल समूह एवं मूंझरी समूह योजनाएं संचालित की गई है, जिनसे हर घर जल अभियान के तहत नलो के माध्यम से ग्राउंड वाटर के स्थान पर सतही जल सरंचनाओं से स्वच्छ जल प्रदाय किया जायेगा। मूंझरी एवं चंबल समूह योजनाओं के लिए ड्राइंग डिजाइन तथा अन्य तकनीकी कार्य पूर्ण कर लिये गये है तथा इंटेक वैल सहित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए स्थान चिन्हित किये गये है। फॉरेस्ट एरिया होने के कारण अनुमति के लिए प्रक्रिया जारी है। अनुमति मिलने पर चंबल समूह से बल्क वाटर सप्लाई की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी, चंबल समूह योजना से 377 ग्रामों को पेयजल की आपूर्ति होगी, इसी प्रकार मूंझरी बांध निर्माण के लिए फॉरेस्ट की अनुमति की प्रक्रिया संचालित है। मूंझरी समूह से 120 ग्रामों को पेयजल प्रदान किया जायेगा, वर्तमान में सिंगल विलेज स्कीम अंतर्गत ट्यूबवैल एवं पेयजल टंकी के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर होगा खेल गतिविधियों का आयोजन

## आज ली जाएगी फिट इंडिया की शपथ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,28अगस्त।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिट इंडिया की शपथ ली जाएगी। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

खेल अधिकारी अरूण सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में मेजर ध्यानचन्द के जन्मदिवस पर 29 अगस्त से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिता तथा अन्य गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त को प्रातः 7 बजे ढ़ेगदा खेल परिसर में मेजर ध्यानचन्द की तस्वीर पर माल्यार्पण कार्यक्रम के साथ ही फिट इंडिया की शपथ ली जायेगी। इसके अलावा ढेंगदा खेल परिसर में ही 29 अगस्त को प्रातः 8 बजे 50 मीटर दौड़, चम्मच रेस, मेराथन, रिलेदौड़, 300 मीटर स्पीडवॉक 1 किमी पैदल चाल तथा 29 अगस्त को ही शाम 5 बजे पीएमश्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैंदान पर हॉकी तथा फुटवॉल खेलों का आयोजन किया जावेगा। उन्होने बताया कि 30 अगस्त को दोपहर 12 बजे सीएम राइज विद्यालय श्योपुर में शतंरज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, इसी दिन शाम 5 बजे देहात थाना खेल मैदान तथा पीएमश्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय इंडोर हॉल में खो-खो, कबड्डी, एवं रस्सीकूद, टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। इसी प्रकार 31 अगस्त को दोपहर 12 बजे पीएमश्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के खेल मैंदान पर पिट्ठू खेल का आयोजन किया जाएगा तथा दिनांक 30 अगस्त 2025 को वीर साबरकर स्टेडियम के खेल मैंदान पर दोपहर 12 बजे क्रिकेट खेल आयोजित होगा। 31 अगस्त को शाम 5 बजे पीएमश्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इंडोर हॉल में रस्साकसी एवं समापन अवसर पर जिले के अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा।

### खेत में गाय चराने की बात पर की मारपीट

**श्योपुर।** विजयपुर थाना क्षेत्र के गोहटा गांव में खेत में गाय चराने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में आरोपी ने फरियादी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। गोहटा निवासी 62 वर्षीय पुरूषोत्तम शर्मा 27 अगस्त की शाम चुन्नीपुरा मैन रोड पर गाय चरा रहा था, इस दौरान उसकी गाय चरते आरोपी भूपसिंह कुशवाह के खेत में चली गई, इस बात पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि आरोपी ने फरियादी का रास्ता रोककर गालिया देते हुए मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पुरुषोतम पुत्र बनवारी लाल शर्मा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।

## पति की संदिग्ध मौत के सात दिन बाद खुला राज

**गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ क्षेत्र के बंजारी बर्री गांव में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के सात दिन बाद उसकी पत्नी ने समाज की पंचायत में स्वीकार कर लिया कि उसने ही अपने पति की हत्या की है। इस स्वीकारोक्ति के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है और पुलिस अब मामले की गहराई से जांच कर रही है। 21 अगस्त को 41 वर्षीय कैलाश बंजारा की अचानक मौत हो गई थी। उसकी पत्नी सम्पो बाई ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके चलते परिजनों ने तुरंत अंतिम संस्कार कर दिया। लेकिन मृतक के गले पर रस्सी जैसे निशान नजर आए। यह निशान परिवार और समाज के लोगों के बीच संदेह का कारण बन गए। लोग सोच में पड़ गए कि कहीं इस मौत के पीछे कोई रहस्य तो नहीं छिपा। संदेह बढने पर गांव में बुधवार को समाज की एक बड़ी पंचायत बुलाई गई। इसमें मृतक के परिजन और आरोपी पत्नी दोनों मौजूद रहे। पंचायत के सामने पूछताछ के दौरान सम्पो बाई ने सभी को हैरान कर दिया। उसने साफ शब्दों में कहा कि उसके पति की मौत दुर्घटना या बीमारी से नहीं हुई बल्कि उसने ही उसकी हत्या की है। महिला ने यह भी बताया कि उसका पति शराब के नशे में आए दिन उससे मारपीट करता था। लगातार प्रताड़ना से तंग आकर उसने यह कदम उठाया। पंचायत में कैलाश के परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि सम्पो बाई का प्रदीप शर्मा नामक युवक से करीबी संबंध था। यही नहीं, बताया गया कि प्रदीप शर्मा के खेत में दंपती मजदूरी भी करते थे। परिजनों ने महिला के मोबाइल कॉल डिटेल्स भी सामने रखीं।

# घायल मोर को बचाकर वन विभाग को टीम को सौंपा



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,28अगस्त।** ग्राम उतनवाड़ में घायल मोर को ग्रामीण धर्मेन्द्र मीणा ने बचाकर वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर इलाज के लिए सौंप दिया। टीम ने मोर को अपने संरक्षण में लेकर इलाज शुरू कर दिया है। .बता दें कि उतनवाड़ गांव में एक घायल मोर दिखाई देने पर ग्रामीण धर्मेन्द्र मीणा ने तुरंत जिम्मेदारी दिखाते हुए वन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और घायल मोर को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। ग्रामीणों ने धर्मेन्द्र मीणा पेडवा के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह हमारे राष्ट्रीय पक्षी के प्रति जागरूकता और संवेदन शीलता का उदाहरण है।

# आबकारी टीम ने जब्त की 7 हजार की अवैध शराब



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,28अगस्त।** कलेक्टर अर्पित वर्मा निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के नेतृत्व में ग्राम सांईकलां में अवैध रूप से शराब विक्रय के मामले में कार्यवाही की गई है।

आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में वृत्त श्योपुर के सोईकलां में बस स्टैण्ड के पास एक दुकान पर दबिश देकर 20 पाव देशी मदिरा मसाला एवं 72 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद किये गये। मौके से एक अरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

बरामद शराब की कुल कीमत 7520 रुपये है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे आदि मौजूद रहें।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफतार

श्योपुर ।विजयपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने इनके कब्जे से 2850 रुपये की अवैध शराब जब्त की है। पहली कार्रवाई के दौरान मुनेश पुत्र भवगत कुशवाह निवासी वार्ड क्रं. 14 बारखेड़ा रोड विजयपुर को 27 अगस्म की देर शाम बायपास रोड से गुमटी में शराब बेचते पकड़ा। पुलिस ने उसके पास से 15 बोतल शराब की जब्त की है, जिसकी कीमत 1650 रुपये है। इसी तरह वीरेंद्र उर्फ मुकुट सिंह गुर्जर पुत्र तुलसीराम गुर्जर निवासी जद्दे के पुरा थाना नूराबाद मुरैना को मैदावली वायपास रोड से 05 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी कीमत 500 रुपये है। वहीं कराहल थाना पुलिस ने लड्डू पुत्र गुलाब बंजारा निवासी गोरस को बंजारा बस्ती ग्राम गोरस से 7 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# बोदल पुलिया से दुपहिया व चार पहिया आवागमन शुरू



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,28अगस्त।** बोदल पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से बंद हुआ, आवागमन पुलिया अस्थाई रूप से वाहनों के आवागमन के चालू कर दिया गया। अभी फिलहाल दुपहिया व चार पहिया वाहनों का ही आवागमन शुरू हो पाया है। यात्री वाहन ने अभी इस रास्ते से नहीं निकल रही है।

यहां से पैदल लोग और दो पहिया व चार पहिया वाहन चालक सवाई माधोपुर जा पा रहे हैं। बता दें कि त्रिनेत्र गणेश मंदिर पर दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाते हैं, पर बारिश से बोदल पुल बह गया था और रास्ता बंद था, लेकिन रात को ही दो पहिया और पैदल यात्रियों के लिहाज से पुलिया को वहां के प्रशासन ने दुरुस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि अभी इससे चार पहिया वाहन गुजरने काबिल ठीक करने में सप्ताहभर और लग जाएगा। दरअसल नेशनल हाइवे 552 की यह पुलिया तेज बारिश के चलते बह गई थी।

# दशहरा समिति का धन संग्रह अभियान शुरू

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,28अगस्त ।** श्योपुर में 49 वें दशहरा पर्व पर रावण वध का आयोजन आगामी 2 अक्टूबर को मेला मैदान पर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से भगवान श्रीराम की अश्वारोही प्रतिमा के जुलूस में राम-रावण युद्ध की चलित झांकियों के मेला ग्राउंड पर अपार जनसमुदाय की उपघ्स्थिघ्ति में आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। विजयादशमी उत्सव भव्यता से मनाने के लिए समिति की कार्यकारिणी द्वारा शहर में धन संग्रह अभियान की शुरुआत कर दी है। विजयादशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने बताया कि धन संग्रह अभियान शहरभर में चलाया जाएगा।

### आंखो के इलाज के लिए दी 10 हजार की सहायता

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा 10 माह की बालिका नदंनी मीणा की आंखो के उपचार हेतु रेडक्रॉस के माध्यम से 10 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। बालिका को उपचार के लिए एम्स दिल्ली ले जाया गया है। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी की गई, जिससे निशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। कलेक्टर अर्पित वर्मा को वीरेन्द्र मीणा निवासी बिचगांवडी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया था कि उसकी 10 माह की बेटी की दोनां आंखो के पर्दे खराब है तथा दिखाई नही देता है, ऐसे में उसका उपचार दिल्ली एम्स में कराया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा 30 अगस्त को ऑपरेशन की डेट दी गई है। इस पर कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा न केवल 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई, बल्कि आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी की गई।

# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय ऑरिएटेंशन आज

## ग्राम लेबल के आदि साथियो के लिए प्रशिक्षण 1 से 15 सितंबर तक

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 अगस्त।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान तहत संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तर अधिकारियों का एक दिवसीय ऑरिएटेंशन कार्यशाला 29 अगस्त को संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही ग्राम स्तर के आदि साथियों के लिए विकासखण्ड स्तर पर 1 से 15 सितंबर तक प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे।

अपर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किये गये आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ग्राम स्तर पर ऐसे लोगों का समूह बनाया जायें, जो जनजातीय समुदाय की परम्पराओं, संस्कृति से जुडकर उनके उत्थान के लिए कर्तव्य परायणता के साथ अपनी भूमिका निभायें।

मैदानी स्तर पर प्रत्येक गांव में 10 से 15 लोगों का ऐसा समूह तैयार किया जायें, जो जनजातीय समुदाय को विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ दिलाते हुए सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करेगा, इनमें आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका, पंचायत सचिव, जीआरएस, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, पटवारी, फॉरेस्ट गार्ड, पीएचई, एमपीईबी के कर्मचारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, युवा नेता, स्वसहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव, शिक्षक आदि शामिल होंगे। इन सभी के लिए विकासखण्ड स्तर पर 1 से 15 सितंबर तक प्रशिक्षण आयोजित होगा। इसके पूर्व एसडीएम की अध्यक्षता में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला 29 अगस्त को विकासखण्ड मुख्यालयों पर आयोजित की जायेगी। इस संबंध में नोडल अधिकारी एवं सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है।



## उप जेल विजयपुर में कुष्ठ रोग शिविर आयोजित

श्योपुर। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल कार्यक्रम के तहत उप जेल विजयपुर में हेपेटाइटिस बी एवं हेपेटाइटिस सी एवं कुष्ठ रोग के शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा कुल 40 बंदियों की हेपेटाइटिस बी व हेपेटाइटिस सी की जाँच की गई तथा सभी बंदियों को कुष्ठ रोग की पहचान व उपचार हेतु परामर्श दिया गया, शिविर में डॉ अरविन्द किरार, कृपाराम पाराशर, अमन शर्मा, नीरज बाथम तथा उप जेल अधीक्षक विजयपुर राघवेंद्र सिंह मौजूद रहें।

### कर्नलगंज के रहवासियों ने चंदा उगाकर 5 से 7 लाख की सीसी रोड का काम किया शुरू

# जब बहरा हो गया हो प्रशासन तो थक हारकर खुद बना रहे सडक

**नवभारत न्यूज**

**गुना। शहर की बदहाल व्यवस्था और जिम्मेदारों की अनदेखी का बड़ा उदाहरण सामने आया है। कर्नलगंज वार्ड क्रमांक 6 में मदीना मस्जिद गली के रहवासियों ने आखिरकार थक-हारकर खुद ही अपनी जेब से सीसी रोड डलवाना शुरू कर दिया है। इस काम पर करीब 5 से 7 लाख रुपए का खर्च आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई सालों से सडक और नालियों की समस्या बनी हुई है।**

मोहल्ले के लोगों ने पार्षद से लेकर नपाध्यक्ष, सीएमओ और यहां तक कि कलेक्टर तक को शिकायतें दीं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हाल ही में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का दौरा हुआ था, उस समय प्रशासन ने दिखावे के लिए रोड पर चूरी डलवाई, लेकिन दो-तीन दिन की बारिश में वह भी बह गई।

यह गली कर्नलगंज से शीतला माता मंदिर को जोड़ती है, जहां से रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवाजाही करते हैं। लेकिन खस्ताहाल सडक और नालियों की अनुपस्थिति ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। बारिश के दिनों में हालात इतने बिगड़ गए कि कीचड़ और गंदगी से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। यहां तक कि बाढ़ के समय एक घर ढह गया था जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

**रहवासियों का कहना है**

इस बारे में मकबूल खान ने बताया कि मोहल्लेवासियों ने अपने पैसों से चंदा उगाकर सडक का काम शुरू किया है। पिछले 8-10 सालों से इस मार्ग पर सडक नहीं डली। हर बार चुनाव जीतकर पार्षद गायब हो जाते हैं। नालियां तक नहीं हैं, गंदा पानी घरों तक घुस जाता है, लोग बीमार पड़ रहे हैं। कीचड़ में बच्चे और महिलाएं रोज गिरते हैं। अब हम खुद काम न करें तो क्या करें? अंसर खान ने कहा कि आर्टिकल 21 के तहत हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं मिलना उसका अधिकार है।

लेकिन यहां हालत यह है कि न सडक है न नालियां। महिलाएं जब शीतला माता मंदिर जाती हैं तो उनके कपड़े तक गंदे हो जाते हैं। रोज गिरकर लोग घायल हो रहे हैं। मजबूरी में हमें अपने पैसे से सडक डलवाना पड़ रही है। पार्षद जीतने के बाद कभी लौटकर नहीं आए। शकील खान ने बताया कि पूरी सडक पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। पिछले 8-10 साल से यहां कोई सडक नहीं बनी। हमने कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब मोहल्लेवासियों ने अपने पैसों से सडक बनवाने का जिम्मा उठाया है।

**प्रशासन पर उठ रहे सवाल**

मदीना मस्जिद गली के हालात साफ बताते हैं कि नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों ने वार्ड के लोगों की समस्याओं को पूरी तरह अनदेखा किया है। जहां एक तरफ शहर में विकास के दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर यहां के लोग सडक और नालियों जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। रहवासियों ने अब खुद ही सडक निर्माण की जिम्मेदारी लेकर यह साबित कर दिया है कि अगर प्रशासन काम नहीं करेगा तो लोग मजबूरी में अपने संसाधनों से ही व्यवस्था सुधारने को तैयार हैं।

# कलेक्टर ने किया विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने गुरुवार को जगनपुर स्थित क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा कुलगुरु डॉ. किशन यादव और प्राध्यापकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत में कलेक्टर कन्याल ने विश्वविद्यालय में कार्यरत प्रोफेसर एवं सहायक प्राध्यापकों से परिचय प्राप्त किया। विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा कि अधिकांश प्राध्यापक गुना जिले के ही निवासी हैं। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उन्हें शिक्षा के प्रति जिज्ञासा एवं प्रश्न पूछने की आदत विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा पढ़ाई का सबसे बड़ा मंत्र है विषय की रूपरेखा पहले से दिमाग में रखकर अध्ययन करना। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया कि गुना जिले के अनेक लोग देश-प्रदेश में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। साथ ही उन्होंने अपने जीवन के अनुभव भी विद्यार्थियों से साझा किए।

प्राध्यापकों को सुझाव देते हुए कलेक्टर ने कहा कि पढ़ाने और पढने की प्रक्रिया को इंटरैक्टिव बनाया जाए, जिससे शिक्षक और छात्रों के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण किया। कुलगुरु ने उन्हें अवगत कराया कि परिसर को नो स्मोकिंग ज़ोन घोषित किया गया है। साथ ही नामांकन शाखा की कार्यप्रणाली एवं दस्तावेजों की इंडेक्सिंग प्रणाली की जानकारी दी, जिसके माध्यम से आवश्यक दस्तावेज़ तुरंत उपलब्ध हो जाते हैं।

# 5 .60 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

श्योपुर। श्योपुर जिले में 28 अगस्त को 5.60 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 28 अगस्त को श्योपुर, बडौदा, वीरपुर एवं विजयपुर में शून्य है, जबकि कराहल में 28 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 1309.38 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 1039.78 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।